

टेस्ट क्रिकेट बहुत महत्वपूर्ण है

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच सीरीज का पहला मुकाबला 9 जून को दिल्ली में खेला जाना है। दूसरा टी20 मुकाबला कटक में 12 जून को होना है। 14 तारीख को होने वाले तीसरे मैच की मेजबानी का जिम्मा वाईजैक को दिया गया है। चौथा मुकाबला राजकोट में 17 जून को खेला जाना है जबकि आखिरी मैच 19 जून को होगा।

## लक्ष्मण को मिल सकती है टीम इंडिया की कोचिंग की जिम्मेदारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को अगले महीने अपने घर पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलना है। इस सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम की घोषणा भी जल्दी ही किए जाने की उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक इस सीरीज के लिए नियमित मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टीम के साथ नहीं होंगे। उनकी जगह पर पूर्व दिग्गज और नेशनल क्रिकेट अकादमी के डायरेक्टर वीवीएस लक्ष्मण को जिम्मेदारी दी जा सकती है। भारतीय टीम को इंडियन प्रीमियर लीग के समाप्त होने के बाद घर पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 9 से 19 जून के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज में खेलना है। इस सीरीज का कार्यक्रम सामने आ चुका है। भारत दौरे पर आने वाली साउथ अफ्रीका टीम के खिलाफ भारत नए कोच की देखरेख में खेलने उतर सकता है। खबरों की माने तो वीवीएस को यह जिम्मा सौंपा जाना है।

# धोनी के रांची वाले राहुल त्रिपाठी तूफानी बैटिंग से जीता दिल

## रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी 8वें नंबर पर पहुंचे

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज राहुल त्रिपाठी आईपीएल 2022 में धमाल मचा रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में राहुल ने मंगलवार को 44 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली। इस पारी के दौरान उन्होंने जसप्रीत बुमराह की लगातार तीन गेंद पर एक छक्का और दो चौके लगाए। आईपीएल 2022 में राहुल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं।



**टीम इंडिया में होगी एंट्री:** भारतीय टीम को अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। उस सीरीज में टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया जाएगा। ऐसे में राहुल त्रिपाठी को मौका मिलता दिख रहा है। कई पूर्व खिलाड़ी और क्रिकेट एक्सपर्ट भी उन्हें भारत के लिए मौका देने की बात कर चुके हैं। त्रिपाठी का जन्म झारखंड की राजधानी रांची में हुआ था। महेंद्र सिंह धोनी भी यहीं के हैं। उनके पिता आर्मी में थे और इसी वजह से राहुल त्रिपाठी कई जगह रहे। अंत में उन्होंने पुणे में रहने लगे और महाराष्ट्र के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

**विराट कोहली से बेहतर फिटनेस**

31 साल के राहुल त्रिपाठी की फिटनेस विराट कोहली से बेहतर है, ऐसा कहना है भारतीय टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का। भज्जी पिछले सीजन केकेआर में त्रिपाठी के साथ थे। उन्होंने कुछ समय पहले कॉमेंट्री में कहा था, मैंने राहुल त्रिपाठी को ट्रेनिंग करते हुए देखा है। यह खिलाड़ी काफी जुनूनी है। वह जिम में हर एक्सरसाइज करते हैं और इसमें वो चीजें भी शामिल हैं जो काफी लोग नहीं कर पाते हैं। उन्हें फिटनेस से काफी लगाव है और वह विराट कोहली के बाद केवल दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जो फिटनेस को लेकर इतने गंभीर हैं। वह इकलौते ऐसे व्यक्ति हैं जो फिटनेस के मामले में कोहली को पीछे छोड़ सकते हैं।

**आईपीएल के साथ टी20 में शानदार रिकॉर्ड:** राहुल त्रिपाठी को पहली बार 2017 में राइजिंग पुणे सुपर जायंट्स के लिए खेलने का मौका मिला। पहले ही सीजन में उनके बल्ले से 146 की स्ट्राइक रेट से 391 रन निकले हैं।

अभी तक आईपीएल में उन्होंने 73 पारियों में 141.22 की स्ट्राइक रेट से 1778 रन बनाए हैं। जिसमें 67 छक्के और 175 चौके शामिल हैं। टी20 क्रिकेट में अभी तक उन्होंने 113 पारियों में बल्लेबाजी की है, जिसमें 134 की स्ट्राइक रेट से 2608 रन बनाए हैं।

# हैदराबाद को बड़ा झटका, अधर में छोड़ स्वदेश लौटे कप्तान केन विलियमसन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने बुधवार को घोषणा की है कि उनके कप्तान केन विलियमसन अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए वापस अपने देश लौटेंगे। इस वजह से विलियमसन रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ हैदराबाद के आईपीएल 2022 के आखिरी लीग मैच में नहीं खेल पाएंगे। विलियमसन के स्वदेश लौटने के बाद हैदराबाद ने मंगलवार को मुंबई इंडियंस पर तीन रन की रोमांचक जीत के साथ अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा है, हालांकि बहुत कुछ अन्य टीमों के मैचों के परिणाम पर भी निर्भर करेगा।

फ्रेंचाइजी ने कहा, 'हमारे कप्तान ने छुट्टी ली है, जिससे वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे।



कप्तान केन विलियमसन अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए न्यूजीलैंड वापस लौटेंगे। हम केन विलियमसन और उनकी पत्नी को शुभकामनाएं देते हैं।' दिसंबर 2020 में विलियमसन की पत्नी सारा रहीम ने एक बच्ची को जन्म दिया था, जिसमें न्यूजीलैंड के कप्तान ने छुट्टी ली है, जिससे वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाए थे।

विलियमसन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर के साथ पोस्ट किया था, 'हमारे परिवार में एक खूबसूरत बच्ची का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।' आईपीएल 2022 में अब तक विलियमसन ने मेगा नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी द्वारा बनाए रखने के बाद 13 मैचों में भाग लिया है। कोहनी की चोट से उबरने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ी का बल्ला खामोश रहा है। उन्होंने 19.64 के औसत और 93.50 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 216 रन बनाए हैं। हैदराबाद इस समय अंक तालिका में 13 मैचों में 12 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम को अगले महीने से न्यूजीलैंड के साथ टेस्ट सीरीज में खेलना है। तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मुकाबले के लिए इंग्लैंड की टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में अनुभवी तेज गेंदबाजों की जोड़ी स्टुअर्ट ब्राड और जेम्स एंडरसन की वापसी हुई है। टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाने वाली इस सीरीज में इंग्लैंड की टीम अपने नए टेस्ट कोच न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैक्कुलम के कोचिंग में खेलने उतरेगी। न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने से खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड ने अपनी 13 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम की कप्तानी आलराउंडर बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। इस टीम में मैथ्यू पोट्स और हैरी ब्रूक जो नए चेहरे को मौका दिया गया है। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गई पिछली सीरीज में खेलने वाले एलेक्स लीस, क्रेग ओवरटन और जैक लीच को बनाए रखा गया है। इंग्लैंड के चयनकर्ताओं ने टीम की सबसे अनुभवी तेज गेंदबाजी जोड़ी ब्राड और एंडरसन को साथ लाने का फैसला लिया।

## न्यूज डायरी



### क्रिकेट के छोटे फार्मेट के लिए मैथ्यू माट बने इंग्लैंड के नए हेड कोच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टेस्ट टीम के कोच के बाद अब इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने व्हाइट बाल के लिए भी अपने कोच की घोषणा कर दी है। मैथ्यू माट टीम के अगले कोच होंगे जो नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टाम हैरिसन, इंग्लैंड मेंस क्रिकेट के मैनेजिंग डायरेक्टर राब की, रणनीतिक सलाहकार एंड्रयू स्ट्रॉस और परफार्मेंस डायरेक्टर ने एक साथ इस नाम के लिए हामी भरी। माट 2007 से आस्ट्रेलियाई महिला टीम को कोचिंग दे रहे थे। उनकरी कोचिंग में टीम ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत के मामले में वर्ल्ड का सबसे प्रभावी रिकार्ड अपने नाम किया। उनके नेतृत्व में, ऑस्ट्रेलिया महिला ने लगातार ICC टी20 और इस साल का ICC महिला 50–ओवर का विश्व कप जीता है। इसके अलावा टीम चार एशेज सीरीज में भी अपराजित रही है। माट ने ऑस्ट्रेलिया को लगातार 26 वनडे इंटरनेशनल मैच जीतने में भी मदद की है, जो पुरुषों या महिलाओं के खेल में एक रिकार्ड है।

### रफ्तार के किंग उमरान ने पहली बार बनाई टाप 4 में जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। इस सीजन में आइपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीमें प्वाइंट्स टेबल में नीचे तो पहली बार खेल रही दो टीमें टाप चार में बने हुए हैं। इस सीजन में अब तक हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ 68 जैसे लो स्कोर पर भी आउट हुए हैं। इसलिए हर बार की तरह इस बार भी गेंदबाजों में पर्पल कैप को लेकर होड़ मची हुई है। वर्तमान में इस सूची में एक बार फिर से राजस्थान के स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने जगह बना ली है। अब उनके खाते में 13 मैचों में 24 विकेट हो गए हैं। बैंगलोर के गेंदबाज वानिंदू हसरंगा दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। पंजाब के खिलाफ मैच में उन्होंने दो विकेट लेकर युजवेंद्र चहल की बराबरी की थी। अब उनके खाते में 23 विकेट हो गए हैं।

### भारत कैसे बनेगा खेलों में वर्ल्ड चैंपियन, महान कपिल देव ने दे दिया गुरु मंत्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। महान क्रिकेटर कपिल देव को लगता है कि जिस दिन से भारत में बच्चों के माता–पिता खेलों पर अधिक जोर देना शुरु कर देंगे, उस दिन से देश में विभिन्न स्पर्धाओं में और अधिक चैंपियन निकलने लगेंगे। कपिल ने कहा कि हालांकि भारत में बच्चों के माता–पिता की खेलों के प्रति मानसिकता पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बदली है लेकिन इतना ही काफी नहीं है। इस महान क्रिकेटर ने यह टिप्पणी भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम की रविवार को मिली ऐतिहासिक थॉमस कप जीत के बाद की। कपिल से जब पीटीआई ने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खेलों में आये बदलाव के बारे में पूछा, जिससे देश का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन शानदार होता जा रहा है तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि माता–पिता की वजह से है, बच्चों की वजह से नहीं।

### नाराज है रिद्धिमान साहा, अब बंगाल से कभी नहीं खेलेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बंगाल। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा की दो दिन पहले ही बंगाल की रणजी टीम में वापसी हुई थी। उन्हें 6 जून को झारखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी का क्वॉर्टर फाइनल मैच खेलना था। हालांकि, उन्होंने बंगाल के लिए खेलने से इनकार कर दिया है। इस बारे में उनकी वाइफ रोमी मित्रा ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह अब कभी बंगाल के लिए नहीं खेलेंगे। क्रिकेट असोसिएशन ऑफ बंगाल ने उनके कमिटमेंट पर सवाल खड़े किए थे। वह इस बात से दुखी हैं। साहा की पत्नी रोमी मित्रा ने कहा कि साहा सीएबी के एक अधिकारी की टिप्पणियों से आहत हैं, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी के ग्रुप चरणों के दौरान मीडिया में सार्वजनिक रूप से उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया था।